**K23P 3026**

Reg. No. : ..................................

Name : ......................................

**I Semester M.A. Degree (C.B.C.S.S. – OBE – Regular) Examination, October 2023**
**(2023 Admission)**
**HINDI**
**MAHIN01C02 : Pracheen Aur Madhyakaleen Hindi Kavitha**

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

A. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5×4=20)

1) कबीर को वाणी का डिक्टेटर क्यों कहा जाता है ?

2) तुलसीदास की समन्वय भावना पर विचार कीजिए।

3) नागमती वियोग खंड की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

4) बिहारी के श्रृंगार वर्णन की विशिष्टता को स्पष्ट कीजिए।

5) घनानंद पर टिप्पणी लिखिए।

6) मीराबाई की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

B. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (3×8=24)

7) जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै।
यह ब्योपार तिहारो ऊद्यो! ऐसोई फिरि जैहै।।
जापै लै आए हौ मधुकर ताके उर न समैहै।
दाख छाँड़ि कै कटुक निबौरी को अपने मुख खैहै ?
मूरी के पातन के केना को मुक्ताहल दैहै।
सूरदास प्रभु गुनहि छाँड़ि कै को निर्गुण निरबैहै ?

P.T.O.



8) रावर उप्पर धाइ परयौ, पाँवार जैत षिझि।
तिहि उप्पर चामंड, करयो हुस्सेन षांन सजि।।
धक्काई धक्काइ, दोउ हरवल बल मंज्झे।
पच्छ सेन आहुट्टि, अनी बंधी आलझे।।
गजराज बिय सु सुरतांन दल, दह चतुरंग बर बीर बर।
धनि धार धार धारह धनी,बर भट्टी उप्पारि करि।।

9) जय सगुन निर्गुन रूप रूप अनूप भूप सिरोमने।
दसकंधरादि प्रचंड निसिचर प्रबल खल भुज बल हने।।
अवतार नर संसार भार बिभंजि दारुन दुख दहे।
जय प्रनतपाल दयाल प्रभु संजुक्त सक्ति नमामहे।।1।।

10) माधव, की कहब सुन्दरि रूपे।
केतेक जतन बिहर आनि समारल देखल नयन सरूपे।।
पल्लव-राज चरन-जुग सोभित गति गजराज क भाने।
कनक-कदलि पर सिंह समारल तापर मेरु समाने।।
मेरु उपर दुई कमल फुलायत नाल बिना रुचि पाई।
मनिमय हार धार बहु सुरसरि तओ नहि कमल सुखाई।।
अधर बिम्ब सन,दसन दाडिम बिजु रबि ससि उगधिक पासे।
राहु दूर बस नियरो न आबधि तै नहि करथि गरासे।।

11) जासों प्रीति ताहि निठुराई सौं निपट नेह,
कैसे करि जिय की जरनि सो जताइयै।
महा निरदई, दई कैसें के जिवाऊँ जीव,
बेदन की बढ़वारि कहाँ लो दुराइयै।
दुख को वखान करिब की रसना कै होति,
ऐप कहूँ बाको मुख देखन न पाइयै।
रैन-दिन चैन को न लेस कहूँ पैर्य, भाग,
आपने ही ऐसे, दोप काहि धौं लगाइये।।



C. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का समीक्षात्मक उत्तर लिखिए। (3×12=36)

12) 'सूरदास का वात्सल्य वर्णन हिंदी साहित्य में अद्वितीय है' : इस कथन का समर्थन कीजिए।

13) बिहारी के काव्य सौष्ठव की आलोचना कीजिए।

14) रामचरित मानस में अभिव्यक्त लोकमंगल की भावना पर विचार कीजिए।

15) कबीर की भक्ति भावना का विश्लेषण कीजिए।

16) विद्यापति की काव्य-कला का विवेचन कीजिए।

---